प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai-400001 फोन/Phone: 022- 22660502

14 फरवरी 2023

भारतीय रिज़र्व बैंक ने अपना द्वितीय ग्लोबल हैकथॉन – एचएआरबीआईएनजीईआर (HARBINGER) 2023 लॉन्च किया

भारतीय रिज़र्व बैंक अपने द्वितीय वैश्विक हैकथॉन - "**एचएआरबीआईएनजीईआर (HARBINGER) 2023** - परिवर्तन के लिए नवोन्मेष" का आयोजन 'समावेशी डिजिटल सेवाएं' विषय के साथ कर रहा है। यह हैकथॉन प्रतिभागियों को ऐसे समाधान विकसित करने के लिए आमंत्रित करता है जिनमें डिजिटल वित्तीय सेवाओं को दिव्यांगों के लिए सुलभ बनाने, कुशल अनुपालन की सुविधा प्रदान करने, केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्राओं की पहुंच बढ़ाने और ब्लॉकचेन की मापनीयता बढ़ाने की क्षमता है।

एचएआरबीआईएनजीईआर (HARBINGER) 2023 निम्नलिखित समस्या विवरणों के लिए नवोन्मेषी विचारों को आमंत्रित करता है:

1. दिव्यांगों के लिए नवोन्मेषी, उपयोग में आसान, डिजिटल बैंकिंग सेवाएं।
2. विनियमित संस्थाओं (आरई) द्वारा अधिक कुशल अनुपालन की सुविधा के लिए रेगटेक समाधान।
3. ऑफलाइन मोड में लेनदेन सहित सीबीडीसी-खुदरा लेनदेन के लिए उपयोग के मामलों/समाधानों की खोज करना।
4. लेनदेन प्रति सेकंड (टीपीएस) / थ्रूपुट और ब्लॉकचेन की मापनीयता बढ़ाना।

एचएआरबीआईएनजीईआर (HARBINGER) 2023 का हिस्सा बनने से प्रतिभागियों को उद्योग के विशेषज्ञों द्वारा सलाह लेने और एक प्रतिष्ठित जूरी के समक्ष अपने अभिनव समाधान प्रदर्शित करने और प्रत्येक श्रेणी में रोमांचक पुरस्कार जीतने का अवसर प्राप्त होता है।

विजेता: ₹40 लाख

रनर-अप: ₹20 लाख

हैकाथॉन के लिए पंजीकरण 22 फरवरी 2023 से शुरू होगा। इस कार्यक्रम के बारे में अधिक जानकारी https://fintech.rbi.org.in पर उपलब्ध है।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2022-2023/1719